# आयुक्त ने डी.एम.एफ. मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सुलभ शौचालय सहित टाटा लाईन का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट का निरीक्षण किये। मार्केट क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्रतिदिन कचरा एकत्र कर उठाने निर्देशित किया गया है। समीपस्थ डी.एम.एफ. मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया है। मार्केट के पास व्यापारियों एवं नागरिकों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर चालू करवाने उपस्थित सहायक अभियंता नीतेश मेश्राम को निर्देशित किया गया है। लिंक रोड सूर्य नगर में निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। सुलभ निर्माण के कार्य में गति लाते हुए कार्य पूर्ण करने हेतु कहा गया है। जवाहर मार्केट, टाटा लाईन एवं अन्य स्थानों के साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है। मोहल्ले वासियों द्वारा फेके गए कचरे को तत्काल हटाया गया है । निगम आयुक्त इस तरह कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किये हैं। नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से आम नागरिकों को अपील है कि किसी भी तरह का गीला या सूखा कचरा बाहर न फेंके अन्यथा दण्ड के रूप में चालानी कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव उपस्थित रहे।

